**SE – 350**

**IV Semester B.C.A./B.Sc. (FAD) Examination, June/July 2026**
**(SEP 2024 – 25)**
**HINDI LANGUAGE – IV**

Time : 3 Hours | Max. Marks : 80

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखिए । **(10×1=10)**

1) ''अकेली आवाज'' उपन्यास के रचनाकार का नाम लिखिए ।
   1) जयशंकर प्रसाद  2) मैथिलीशरण गुप्त  3) राजेंद्र अवस्थी

2) कप्तान का कहना नहीं मानना किसको भंग करता है ?
   1) अनुशासन  2) कानून  3) कक्षा का वातावरण

3) रंग-बिरंगी तितलियों के साथ खेलना किसे पसंद है ?
   1) मनोज  2) बंटू  3) हरकिशन

4) बंटू ने गणित के अध्यापक का नाम क्या रखा ?
   1) चश्मुद्दीन  2) नारायण  3) देवदत्त

5) मनोज को क्या लिखने की आदत थी ?
   1) चुटकले  2) डायरी  3) देश भक्ति के गीत

6) रामगढ़ का आदर्श स्कूल सबसे अच्छा स्कूल है यह सुझाव किसने दिया ?
   1) नीता मिस  2) हेडमास्टर  3) अपर्णा

7) किसकी मार बच्चे को बड़ा आदमी बनाती है ?
   1) मित्र की  2) गुरु की  3) सगे-संबंधी की

8) विद्यालय के कितने विद्यार्थी कश्मीर के लिए रवाना हुए ?
   1) 40  2) 30  3) 50

9) क्रोध किसकी जड़ है ?
   1) पाप की  2) प्रेम की  3) त्याग की

10) पत्र पढ़ने के बाद प्रिंसिपल ने बंटू को कहाँ बुलाया ?
   1) लाइब्रेरी में  2) ओफिस में  3) अपने घर में

P.T.O.

II. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । (2x7=14)

1) आदमी के भीतर एक आंख और होती है । वह मन की आंख होती है । मन की आंख तेज होतो बाहर की आंखों के न रहते हुए भी आदमी सब देख सकता है ।

2) बंटू तुम्हारी यही कमजोरी है । एक मुसीबत दूर करने के लिए तुम दूसरी मुसीबत मोल ले लेते हो । इस तरह मुसीबत तुम्हारा पीछा नहीं छोड़ेगी ॥

3) "मैं सारे विद्यालय को बता दूंगा कि मेरे पिता दोषी नहीं है । वे एक महान और उदार व्यक्ति है । उनके जैसे गुण और किसी में नहीं है" ।

4) विद्यालय के नियम हम लोगों ने ही बनाए हैं । वे हमारी ही सुविधा के लिए हैं । हर बनाए गए नियम को तोड़कर आगे बढ़ने का ही नाम प्रगति हैं ।

III. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए । (1x15=15)

1) "अकेली आवाज" उपन्यास में लेखक ने किन-किन सामाजिक बुराइयों का विरोध किया है – वर्णन कीजिए ।

2) "अकेली आवाज" उपन्यास का सार लिखकर इसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

IV. किन्हीं तीन पर टिप्पणी लिखिए । (3x7=21)

1) आदर्श विद्यालय में
2) "एक शैतान लड़का"
3) नीता मिस
4) बंटू
5) मनोज

V. किसी एक विषय पर रिपोर्ट लिखिए । (1x10=10)

1) दिनांक 14 सितम्बर 2025 को कर्नाटक विश्वविद्यालय के सभागार में "हिन्दी दिवस" कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डां. शेखर सर को आमंत्रित किया गया । इस विषय पर एक रिपोर्ट तैयार कीजिए ।

2) ज्ञान भारती कैंपस बेंगलूरु में दिनांक 10 जनवरी 2026 को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस विषय पर एक रिपोर्ट तैयार कीजिए ।

VI. निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (10×1=10)

शिक्षा मनुष्य के जीवन का आधार स्तम्भ मानी जाती है । यह न केवल व्यक्ति को ज्ञान प्रदान करती है । बल्कि उसके व्यक्तित्व का समग्र विकास भी करती है । एक शिक्षित व्यक्ति सही और गलत में अंतर समझने की क्षमता रखता है और समाज में सम्मानित स्थान प्राप्त करता है । शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति अपने अधिकारों और कर्त्तव्यों को समझता है तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करता है । आज के आधुनिक युग में शिक्षा का महत्व और भी बढ़ गया है । क्योंकि इसके बिना रोजगार प्राप्त करना कठिन हो जाता है । शिक्षा आदमी को आत्म-निर्भर बनाती है और उसे अपने पैरों पर खड़ा होने की शक्ति देता है । इसके अलावा शिक्षा समाज में समानता, जागरूकता और विकास को बढ़ावा देती है इस लिए हर व्यक्ति को शिक्षा प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए क्योंकि यही एक उज्जवल भविष्य की कुंजी है ।

**प्रश्न :**

1) शिक्षा को किसका आधार माना गया है ?
2) शिक्षा व्यक्ति को क्या प्रदान करती है ?
3) शिक्षित व्यक्ति में कौन-सी क्षमता होती है ?
4) समाज में शिक्षित व्यक्ति को क्या प्राप्त होता है ?
5) शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति क्या समझता है ?
6) आधुनिक युग में शिक्षा का महत्व क्यों बढ़ गया है ?
7) शिक्षा व्यक्ति को किस प्रकार सक्षम बनाती है ?
8) शिक्षा से समाज में किन-किन चीजों को बढ़ावा मिलता है ?
9) व्यक्ति को शिक्षा क्यों प्राप्त करनी चाहिए ?
10) उज्जवल भविष्य की कुंजी किसे कहा गया है ?